आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–31 मई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश को कानपुर से सैंतालिस हजार पांच सौ तिहत्तर करोड़ रुपये की पंद्रह विकास परियोजनाओं की दी सौगात, कहा–हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है उत्तर प्रदेश।
- पहलगाम हमले में मारे गये शुभम द्विवेदी के परिवार से मिले प्रधानमंत्री, कहा–ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।
- सर्वोच्च न्यायालय ने एक ही पाली में नीट पीजी परीक्षा आयोजित करने का दिया निर्देश, पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने को कहा।
- तेज धूप, भीषण गर्मी और उमस से जनजीवन प्रभावित, कुछ स्थानों पर बारिश से मिली राहत।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल कानपुर में सैंतालिस हजार पांच सौ तिहत्तर करोड़ रुपये से अधिक की पंद्रह विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि शुरू की गई परियोजनाएं प्रदेश के विकास को और गति देंगी।

**हमारी सरकार यूपी के एक सौ पचास से ज्यादा रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित कर रही हैं। यूपी पहले इस देश में सबसे ज्यादा इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला राज्य बन चुका है यानी हाइवे, रेलवे और एयरवेज यूपी अब हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। साथियों हम यूपी को और जो की संभावनाओं का राज्य बना रहे।**

प्रधानमंत्री ने कल जिन परियोजनाओं का शुभारंभ किया उनमें आठ हजार तीन सौ करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली छह सौ साठ मेगावाट की पनकी थर्मल पावर एक्सटेंशन परियोजना और घाटमपुर थर्मल पावर परियोजना की छह सौ साठ मेगावाट की तीन इकाइयों का उद्घाटन सहित कई अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं। एक रिपोर्ट–

**प्रधानमंत्री ने बिन्दवां में 40 एमएलडी क्षमता वाले ट्रीटमेंट प्लांट, गौतमबुद्ध नगर में 220 और 132 केवी सबस्टेशन, कानपुर और आसपास के क्षेत्रों में स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, ट्रैफिक सुधार और नगरीय सेवाओं से जुड़ी अन्य परियोजनाओं की शुरूआत की। उन्होंने दो हजार 120 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन से कानपुर सेंट्रल मेट्रो स्टेशन खंड का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने ने कहा कि बिजली की समुचित आपूर्ति, बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी के साथ उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। समाचार कक्ष से मैं अरूण।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश डिफेंस सेक्टर में देश को आत्मनिर्भर बनाने में बड़ी भूमिका निभा रहा है।

**ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोश मिसाइल ने दुश्मनों को सोने नहीं दिया। उस ब्रह्मोस मिसाइल का भी नया पता है। उत्तर प्रदेश भविष्य में कानपुर और यूपी भारत को डिफेंस का बड़ा एक्सपोर्टर बनाने में सबसे आगे रहे। यहां नई फैक्ट्रियां लगेगी। यहां बड़े पैमाने पर निवेश आएगा। यहां के हजारों युवाओं को रोजगार के अच्छे अवसर मिलेंगे।**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने दुश्मन के खिलाफ जिस शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया वह मेड इन इंडिया की ताकत का अहसास कराता है।

**भारत की न्यू डिफेंस पॉलिसी जिसके अंतर्गत दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट करके भारत की सेना ने जिस शौर्य पराक्रम का परिचय देकर के भारत की सुरक्षा को पुख्ता इंतजाम करने का उदाहरण प्रस्तुत किया या जब प्रधानमंत्री जी के द्वारा दस वर्षों पूर्व प्रारंभ किए गए मेड इन इंडिया की उस ताकत का भी एहसास दुनिया को कराता है।**

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने आयुष्मान वय वंदना योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन और सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र और चेक भी वितरित किये।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कानपुर दौरे में पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले शुभम द्विवेदी के परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। शुभम की पत्नी ऐशान्या ने बताया कि प्रधानमंत्री ने उन्हें भरोसा दिलाया कि आतंकी घटना का शिकार हुए लोगों के साथ पूरा देश खड़ा है।

**उन्होंने पूरे परिवार को अपनी संवेदना व्यक्त की है और बोला कि है इस दुखद घटना में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। उन्होंने पूछा अरे बेटा वहां पर कैसे क्या हुआ था, मैं वह मैंने जैसा जो था। मैंने पहले भी आप सबको बताया। उन्हें भी भाई ने कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ अभी भी लड़ाई जारी है और आगे भी आतंकवाद के खिलाफ लड़ते रहेंगे और यह शुरुआत।**

इसके बाद हुई कानपुर की जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने बेटियों के गुस्से और दर्द को देखा और भारत ने पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकानों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया।

**हमने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकाने घर में घुस कर सैकड़ों मिल अंदर जाकर तबाह कर दिये। और हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम किया ऐसा पराक्रम किया कि पाकिस्तानी सेना को गिड़गिड़ा कर युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दुश्मन को किसी भ्रम में नहीं रहना चाहिए, ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।

प्रधानमंत्री ने आतंक के खिलाफ संघर्ष में भारत के तीन सिद्धांतों को स्पष्ट किया।

**पहला, भारत हर आतंकी हमले का करारा जवाब देगा। दूसरा, भारत अब एटम बम की गीदड़ भभकी से नहीं डरेगा। तीसरा, आतंकी सरपरस्त सरकार को भारत एक ही नजर से देखेगा।**

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने कल निर्देश दिया कि पंद्रह जून को होने वाली राष्ट्रीय स्नातकोत्तर पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा– नीट–पीजी दो पालियों के स्थान पर अब एक ही पाली में आयोजित की जाए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे एक ही पाली में परीक्षा कराने की व्यवस्था करें और यह सुनिश्चित किया जाए कि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे।

**********

महारानी अहिल्याबाई होल्कर की तीन सौवीं जयंती वर्ष समारोह के तहत प्रदेश भर में कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में कल केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। अमरोहा में नगर पालिका सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल ने अहिल्याबाई को महिला सशक्तीकरण का सबसे अच्छा उदाहरण बताया। वाराणसी में आयोजित नगर निगम सम्मेलन में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया किशोर रहाटकर शामिल हुयीं।

**********

नई दिल्ली से आए आकाशवाणी और दूरदर्शन उत्तरी क्षेत्र के उप महानिदेशक रामबचन राम ने अपने तीन दिवसीय दौरे के आखिरी दिन कल गोरखपुर दूरदर्शन का तकनीकी निरीक्षण किया। इससे पहले उन्होंने आकाशवाणी केंद्र गोरखपुर और पड़ोसी जिलों के एफएम केंद्रों सहित ट्रांसमीटर आदि की व्यवस्था को भी देखा और आवश्यक सुझाव दिये। इस दौरान निदेशक एवं अभियांत्रिकी प्रमुख राहुल सिंह, क्लस्टर हेड स्वतंत्र सिंह और उप निदेशक अशोक कुमार सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। उप महानिदेशक ने कल गोरखपुर के आकाशवाणी कॉलोनी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया।

**********

प्रदेश के कई जिलों में रुक रुक बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है । लखनऊ, कानपुर और आसपास के जिलों में बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी है, हांलाकि प्रदेश के कई जिलों में तेज धूप, भीषण गर्मी और उमस का असर जारी है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार पांच जून तक गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और वर्षा की संभावना है। साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आज, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज और कल कहीं कहीं बिजली गिरने और तेज झोंकेदार हवाएं चलने की भी आशंका है।

**********